# घर- घर विराजे गणपति, गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य के दर्शन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना के साथ जोधपुर में महोत्सव का आगाज हुआ।



पाली शहर के मौती चौक में गणपति परिवार को आकर्षक सजाया।

**जोधपुर**, (कास)। विघ्न बाधा हरने वाले और प्रथम पूज्य भगवान गणेश की चतुर्थी का पर्व आज धूमधाम से मनाया गया। गणेश मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ आज से गणेश महोत्सव का आगाज भी हो गया। अनंत चतुर्थदशी तक गणेश महोत्सव मनाया जाएगा। आज घर- घर गणपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ स्थापित किए गए। इसके अलावा शहर के गली मोहल्लों में भी गणपित की प्रतिमाएं स्थापित की गई। शहर के प्राचीन रातानाडा गजानन मंदिर में भी विशेष श्रृंगार किया गया। यहां पर भगवान गणेश को 51 हजार मावे के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया जा गया। सुबह यहां सवा 5 बजे महाआरती हुई। अल सुबह से ही यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।यहां दर्शन के लिए शिव विधायक रविंद्र भाटी भी पहुंचे।

पुजारी राहुल भैया ने बताया गणेश चतुर्थी के मौके पर मंदिर परिसर में भी आकर्षक सजावट की गई है। हर साल की भांति इस बार भी यहां पर धूमधाम से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर मंगल कामना की। वहीं भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से भी खास व्यवस्थाएं की गई है। जिससे कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। यहां भगवान को पांच तरह की पोशाक पहनाई गई।

विधि मंत्री जोगाराम पटेल दोपहर में रातानाडा स्थित गणपति मंदिर पर पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिए जाने के साथ प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रदेश के मंगल की कामना उनके द्वारा की गई।

जोधपुर शहर के ऐतिहासिक रातानाडा मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की बड़ी भीड़ देखी गई। यहां पर सुबह विशेष पूजा अर्चना के साथ गणपति का श्रृंगार किया गया। भगवान गणपतिजी को मोतीचूर, मोदक, गुड़ लड्डू व अन्य पकवानों के भोग लगाए गए । लोगों ने सुख शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। इसके साथ सोजती गेट, किला रोड पर पर साल में एक बार खुलने वाले गणेश मंदिर पर भी काफी भक्तों की भीड़ देखी गई।

## पुलिस रही मुस्तैद, यातायात व्यवस्था में बदलाव किया

रातानाडा एरिया में आज यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी अलग से रखी गई। पुलिस के आलाधिकारियों की तरफ से मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम भी किए गए है। आरएसी के साथ थानों के जवानों की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस की अलग अलग टीमों को लगाया गया । साथ ही सीसीटीवी कैमरों से विशेष नजर गई।

शहर के प्राचीन कायलाना की पहाड़ियों स्थित सिद्ध गणेश मंदिर में भी सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। बिजोलाई बालाजी आश्रम गादीपति महंत सोमेश्वर गिरी महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का अभिषेक कर महाआरती की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चूंधी गणेश को 51 हजार मोदक का भोग लगाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर से 12 किमी दूर स्थित चून्धी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मेले के रूप में शनिवार को मनाया गया। भगवान गणेश का विशेष बागा एवं पुष्प श्रृंगार किया। अल सुबह से ही शहर से पैदल यात्रा कर दर्शनर्थियों की भीड़ देखी गयी। प्रथम पूज्य श्री गणेश को 51 हजार मोदक का भोग लगाया गया।

गणेशजी के जल तत्व के अधिपति होने के कारण ही उनकी सर्वप्रथम पूजा का विधान है। जल ही जीवन का आधार है और जल से ही जगत और जीवन की उत्पत्ति हुई है। धरती पर 70 जल है और मनुष्य के शरीर में भी जल तत्व की प्रधानता है। गणेश जी जल की भांति निर्मल, पारदर्शी और तृप्तिदाता है।



पाली के नागा बाबा बगीची सिद्ध गणेश मंदिर में महिला मंडल ने भजन कार्यक्रम किया।

जैसलमेर के चूंधी गणेश को पिछले दिनों इंद्र देव ने बरसात करके अभिषेक करवाया है। चून्धी गणेश मंदिर मेला आयोजन समिति के संयोजक ग्वालदास मेहता ने बताया कि शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर चून्धी गणेश मंदिर में तीन आरती करवाई गई श्रद्धालुओं ने आरती के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की अरदास की। श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क बसों की व्यवस्था होने से श्रद्धालु अपने परिवार के बच्चों के संग दर्शन करने आये। मंदिर परिसर में बच्चों ने झूलों का लुत्फ़ उठाया

मेहता ने बताया कि चून्धी गणेश मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि इस स्थान पर चवंद ऋषि ने 5 सौ वर्षों तक तपस्या की थी। इसी वजह से इस स्थान का नाम चून्धी पड़ा। मंदिर में स्थित गणेश जी की प्रतिमा भी स्वयंभू मानी जाती है।

## गणपति बप्पा मोरया की गूंज रही

**पाली**, (नि.सं.)। गणेश चतुर्थी का पर्व शनिवार को शहर समेत जिले भर मैं धूमधाम से मनाया गया।मुख्य कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित नागा बाबा बगीची सिद्ध गणेश मंदिर में महंत सुरेश गिरी, चंचल गिरी नारायण गिरी महाराज के सानिध्य में सुबह 5:00 मंगला आरती के साथ शुरू हुआ। हवन और ध्वजा के कार्यक्रम हुए। श्रद्धालु सुबह से दिन भर दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर में गणेश महिला मंडल की ओर से भजन कार्यक्रम में12 बजे से 4 बजे तक महिलाओं ने गणेशजी का गुणगान किया। शाम को आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मेला को लेकर मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। आयोजन को लेकर समस्त गणेश मित्र मंडल जुटा रहा। इसी प्रकार शहर के गली-मोहल्ला के मंदिर में ढोल ताशा के साथ गणपति बप्पा मोरया जयकारों के साथ सोमनाथ मंदिर, धान मंडी चौक,बड़ी ब्रह्मपुरी, पुराना बस स्टैंड,आदर्श नगर स्टेशन एरिया आदि जगह पर गणपति विराजमान किया गया। वहीं पौराणिक मंदिर बादशाह का झंडा स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश, मोती चौक गणेश, सोमनाथ के सामने गणपति मंदिर सहित मंदिरों में फूल मंडली का आयोजन किया गया।

# साइबर ठगी के तीन आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कास)। कमिश्नरेट की महामंदिर पुलिस ने साबइर ठगों की गैंग का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना भी पुलिस के हाथ लगा है। इनके खिलाफ चार राज्यों में साइबर ठगी के प्रकरण सामने आए है।

अभियुक्तों के पास से दिल्ली पासिंग नंबर की कार, 28 एटीएम कार्ड, 16 चेकबुक और 6 पासबुक डायरियां भी बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश कर अभिरक्षा में लिया गया है। महामंदिर पुलिस इसकी जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महामंदिर पुलिस की तरफ से प्रथम पोल महामंदिर से साइबर ठगों की गैंग को पकड़ा गया।

एडीसीपी पूर्व वीरेंद्रसिंह राठौड़, एसीपी पूर्व आईपीएस अभिषेक अंदासु, महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल के सुपरविजन में गठित टीम ने दबिश देकर तीन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने घटनास्थल से 28 एटीएम कार्ड, 16 चेकबुकें, 6 पासबुक डायरियों के साथ एक दिल्ली पासिंग नंबर की कार को बरामद किया है।

महामंदिर थानाधिकारी शिवलाल ने बताया कि इसमें खाबड़ाखुर्द ओसियां का दिनेश पुत्र गोरधन जाट, पाली रोड,भगत की कोठी निवासी धीरज पुत्र रामलाल गौड़ एवं फलोदी जिले के जैसला भोजासर निवासी सुनील पुत्र ओमप्रकाश विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है।

### अलग अलग प्रदेशों में हो रखे केस दर्ज

पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ चार साइबर ठगी के प्रकरण अब तक सामने आए है। जिसमें बैंग्लूरू, हैदराबाद, नाडियाल आंध्रप्रदेश तेलंगाना शामिल है।

### दिनेश बताया जाता है इनका सरगना

पुलिस पड़ताल में अभी तक सामने आया कि इसमें ओसियां खाबड़ाखुद्र का दिनेश जाट इनका सरगना है।

यह लोग इंडियन करेंसी को यूएसडीटी में कनवर्ट करते थे और फिर साइबर ठगी करते थे। सारा काम ऑन लाइन ही होता था।

## जोगाराम पटेल ने जनसुनवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए पूरी तरह से संवेदनशील है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को मिल सके, इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। साथ ही, जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पटेल ने कहा कि आमजन की समस्याओं को दूर करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार की ओर से आमजन को राहत देने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। साथ ही, उन्होंने कहा कि जनसंपर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते है, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

सर्किट हाऊस में जोधपुर एवं आस पास के क्षेत्रों से ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान फरियादियों ने आवास, जमीन का कब्जा, पेंशन लिस्ट में नाम जुड़वाना, साफ-सफाई, सड़क निर्माण, पानी की निकासी, अतिक्रमण, राशन कार्ड से नाम कटने, पेंशन न मिलना, आपसी विवाद, पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क मरम्मत, रोजगार इत्यादि से संबंधित परिवेदनाएं पटेल को सौंपी। संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के लिए दूरभाष पर निर्देश दिए।

## मारवाड़ की बरसात का क्या है एतबार...

**जोधपुर**, (कासं)। किसी समय एक एक बूंद पानी के तरसने वाले पश्चिमी राजस्थान पर इन दिनों इन्द्र देव मेहरबानी है। पुराने लोग एक फिल्मी गीत गाया करते थे। उसके बोल थे, बम्बई की बरसात का क्या है एतबार...,। आजकल मारवाड़ के लोग उसी गाने को अपने अंदाज में गाने लगे हैं। अब लोग कहने लगे हैं कि, मारवाड़ की बरसात का क्या है एतबार...।

पुराने लोग बताते हैं कि पश्चिमी राजस्थान में प्राय: अकाल ही पड़ता था। बूंद बूंद पानी के लिए लोग तरसते थे। यही कारण है कि यहां के लोगों को अपनी मातृभूमि छोड़कर अन्य प्रदेशों को जाना पड़ा। अब तो खूब बारिश हो रही है। लगता है कि प्रकृति अपना मिजाज बदल रही है। अब तो पता ही नही चलता कि कब बारिश शुरू हो जाए। लगता है कि हम चेरापूंजी में आ गए हैं।

शहर में पिछले कुछ दिनों से बारिश को दौर बना हुआ है। निरंतर हो रही बारिश का दौर कभी थम जाता है। धूप निकल आई थी। फिर अचानक बारिश शुरू हो जाती है। शुक्रवार को दोपहर तक धूप खिली हुई थी। दिन भर की धूप के बाद शाम को पुन: मौसम बदल गया। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। मौसम सुहावना हो गया। शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश के चलते सड़कों पर नाले बहने लगे, जलभराव की वजह से वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।

दिन भर बादल छाए रहने के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में अचानक से तेज बारिश होने लगी।

# मदन राठौड़ ने पाली में अधिकारियों की बैठक ली



राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली जिले में अतिवृष्टि व जलभराव को लेकर पानी, बिजली, सड़क और चिकित्सा विभाग, नगर परिषद के कामों की जानकारी ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को सांय पाली जिले में अतिवृष्टि व जलभराव को लेकर पानी, बिजली, सड़क और चिकित्सा विभाग, नगर परिषद के द्वारा किए जा रहे कामों की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने पानी की निकासी के लिए वर्तमान में तत्काल समाधान, सड़क मरम्मत जहां अधिक क्षितठास्त है वहा पहले कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा की पाली नगर परिषद के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत कराए है जो तत्काल ही प्राप्त हो जायेंगे।

साथ ही उन्होंने सड़को के लिए कल से ही मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस अवसर पर पूरे शहर की बारिश व जलभराव की स्थिति की जानकारी ली और निकासी के लिए निर्देश दिए। साथ ही अन्य बिंदुओ पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने भी शहर में पानी निकासी व अन्य उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने उन्हें पाली शहर में पानी निकासी, जलभराव, जलभराव से मेडिकल विभाग द्वारा किए जा रहे प्रबंधों, सड़को की मरम्मत, मड़ पम्प, बिजली व्यवस्था, नगर परिषद के कार्यों व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी।

बैठक में संजय ओझा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ राजेश गोयल, नगरपरिषद सभापति रेखा राकेश भाटी, नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार, सार्वजनिक निर्माण, पेयजल, बिजली, सिंचाई, चिकित्सा आदि विभागों के अधिकारी, सुनील भंडारी , त्रिलोक चौधरी आदि मौजूद रहे।

## छात्रावास में बैठक 8 को

**जालोर**, (कासं)। रावणा राजपूत जिला महासभा एवं युवा महासभा जालोर / सांचोर जिले के सभी जिला पदाधिकारी, जिले के समस्त महासभा एवं युवा महासभा तहसील अध्यक्ष के पदाधिकारी एवं सभी समाज बंधुओ की विशेष बैठक 8 सितंबर को रावणा राजपूत छात्रावास जालोर में रखी गई है। उक्त जानकारी महासभा के जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा दी है।

## कार्यालय नगरपालिका मंडल, पिंडवाडा, जिला-सिरोही

क्रमांक : एमबीपी/भूमि/2024-25/5211 दिनांक : 5.9.2024

### संशोधित सार्वजनिक ई-नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका पिंडवाडा द्वारा नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974 के अंतर्गत निर्मित दुकानों एवं आवासीय भूखंडों को मौके पर निम्नानुसार सार्वजनिक ई-नीलामी के जरिये 99 वर्षीय लीज होल्ड राईट्स पर विक्रय किये जावेंगे। जिसका ब्यौरा एवं नीलामी की शर्ते कार्य दिवस में कार्यालय में एवं पोर्टल पर ऑनलाईन देखी जा सकती है। उक्त नीलामी निर्धारित दिनांक प्रात: 11.00 बजे से ऑनलाईन http://ssp.rajasthan.gov.in e-auction एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से आवासीय एवं वाणिज्यिक भूखंडे के विक्रय हेतु की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित दिनांक से एक दिवस पूर्व तक अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर बोली में भाग ले सकते है। भूखंडों की बोली ऑनलाईन निर्धारित दिनांक को प्रात: 11.00 बजे से प्रारंभ की जाकर सायं 05.00 बजे तक रखी गई है। भूखंड जिस स्थान व जिस स्थिति में होंगे उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्नुसार है:-

**आवासीय भूखण्ड सूची**

| क्र. सं. | भूखंड सं. | भूखंड साईज (वर्गफीट) | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | अमानत राशि (प्रति भूखंड) | नीलामी बोली प्रारंभ करने की दर रु. (प्रति भूखंड) | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 84 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | 25.9.2024 से 27.9.2024 |
| 2. | 85 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 3. | 94 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 4. | 95 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 5. | 101 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 6. | 102 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 7. | 103 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 8. | 104 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 9. | 115 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 10. | 122 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 11. | 127 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 12. | 144 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 13. | 145 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 14. | 146 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 15. | 147 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 16. | 171 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 17. | 179 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 18. | 194 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 19. | 205 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 20. | 207 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 21. | 221 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 22. | 223 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 23. | 224 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 24. | 229 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 25. | 232 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 26. | 244 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 27. | 253 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 28. | 255 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 29. | 256 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 30. | 266 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 31. | 267 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 32. | 268 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 33. | 273 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 34. | 276 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 35. | 279 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |
| 36. | 280 | 25×50 | 116.13 | 6000 | 300000 | |

**व्यवसायिक भूखण्ड सूची**

| क्र. सं. | भूखंड सं. | भूखंड साईज (वर्गफीट) | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | अमानत राशि (प्रति भूखंड) | नीलामी बोली प्रारंभ करने की दर रु. (प्रति भूखंड) | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A-1 | 12×20 | 22.30 | 2400 | 12000 | 25.9.2024 से 27.9.2024 |
| 2. | A-2 | 12×20 | 22.30 | 2400 | 12000 | |
| 3. | A-3 | 12×20 | 22.30 | 2400 | 12000 | |
| 4. | A-4 | 12×20 | 22.30 | 2400 | 12000 | |
| 5. | A-5 | 12×20 | 22.30 | 2400 | 12000 | |

**नीलामी दिनांक 25.09..2024 से 27.09.2024 तक विवरण :-**

ई-नीलामी से संबंधित विवरण व शर्त वेबसाईट http://rajasthan.gov.in e-auction एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से देखी जा सकती है।

**नीलामी दिनांक 25.09.2024 से 27.09.2024 का विवरण**

| | |
|---|---|
| ई-नीलामी आवेदन डाउनलोड करने की दिनांक | 16.09.2024 (सोमवार) रात 12 बजे से 20.09.2024 (शुक्रवार) तक सायं 06.00 बजे तक। |
| ई-नीलामी में भाग लेने हेतु राशि जमा कराने की दिनांक | 16.09.2024 (सोमवार) रात 12 बजे से 24.09.2024 (मंगलवार) तक सायं 06.00 बजे तक। |
| ई-नीलामी की दिनांक | 25.09.2024 (बुधवार) को प्रात: 11.00 बजे से 27.09.2024 (शुक्रवार) तक। |

**नीलामी शर्त :-**

1. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखंड हेतु निर्धारित अमानत राशि रु. 1000/- पृथक-पृथक जमा होने पर बोली में भाग ले सकेंगे। उक्त धरोहर (अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2. यह भूमि विक्रय राज. नगरपालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम से संशोधन 02 को 2010 व उनके जारी परिपत्रों के अंतर्गत की जा रही है।
3. नीलामी बोली में कॉर्नर प्लॉट पर अंतिम नीलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
4. जिस व्यक्ति के नाम अमानत राशि की रसीद कटेगी पालिका द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जायेगा। नाम में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जावेगा।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले को नीलामी की दिनांक से तीन कार्य दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
6. सफल बोलीदाता को नीलामी राशि एक 1/4 राशि पालिका में तुरंत जमा करवानी अनिवार्य होगी तथा शेष तीन चौथाई राशि तीन दिवस के भीतर-भीतर जमा करवानी अनिवार्य है अन्यथा नीलामी बोली स्वत: निरस्त होकर जमा 1/4 राशि पालिका खाते जब्त हो जायेगी।
7. भूखंड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेंट ग्राउंड रेट के आधार पर विक्रय किया जायेगा जिसकी लीज राशि आवासीय आरक्षित दर की 2.50% नियमानुसार क्रेता द्वारा जमा करानी होगी।
8. लीज डीड शाश्वत लीज पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसका स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय भूखंड क्रेता का होगा।
9. बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पिंडवाडा के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
10. 03 वर्ष की अवधि के अंदर नियमों के अंतर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण करवाना होगा। यदि 03 वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नहीं करवाया गया तो जमा करायी गयी संपूर्ण राशि को पालिका द्वारा जब्त कर लिया जायेगा तथा पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखंड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जायेगा तथा पुन: नीलामी कर सकेगी।
11. भूमि के मानचित्र एवं शर्तो/प्रतिबंध व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकेगी।
12. उपरोक्त भूखंडों का मौके पर क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर ही राशि जमा करानी होगी।
13. समयावधि घटाने-बढ़ाने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
14. बोली बढ़ाने की राशि कम से कम 50/- रुपये रहेगी, इससे कम बोली की राशि बढ़ाने पर मान्य नहीं होगा।
15. बोलीदाता की स्वयं की SSO ID आवश्यक होगी।

(सुरेन्द्र मेवाड़ा)
अध्यक्ष
नगरपालिका पिंडवाडा

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पिंडवाडा

# पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का जन्मदिन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया



जालोर शहर के जीवदया गौशाला में कार्यकर्ताओं ने पायलट के जन्मदिन पर गायों को हरा चारा खिलाया। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर शहर के धवला रोड पर अपनी पाठशाला में सचिन पायलट का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटकर मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत



जैसलमेर में तुलसी गौशाला में कांग्रेसजनों ने गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर सहित जिलेभर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस जनों ने गैाशाला में हरा चारा वितरित किया।

जालोर शहर के धवला रोड स्थित अपनी पाठशाला स्कूल में कार्यकर्ताओं ने केक काट कर, बच्चों को स्कूल सामग्री के लिए किट वितरण किया। अन्नपूर्णा रसोई में निःशुल्क भोजन व्यवस्था कार्यक्रम में एआईआईसीसी पंचायतीराज कांग्रेस संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र कसाना एवं समाजसेवी युवा नेता विनय व्यास, अमीन मोयला ने पायलट के उत्तम स्वास्थ्य एव लंबी उम्र की कामना की।

इस दौरान मुरीद मेहर, एडवोकेट पवन दवे, एडवोकेट रज्जब खोखर, पुनमाराम सांखला, किरण सुथार, अमित माली, यारू खान, भरत कुमार, क्यूंम खान, समीर हाडा, रिहान मो, मोहसिन सहित कई जने मौजूद रहे।

वहीं कांग्रेसजनों ने श्री महावीर जीव दया गोशाला जालोर में गौ माता की पूजा व सेवा करके पायलट का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि कांग्रेसजनों ने नंदी महाराज व गौ माता को गुड़, सूखा चारा तथा हरा चारा खिलाकर सचिन पायलट के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में आहोर की सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव लाल सिंह धानपुर, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुशाल सिंह राजपुरोहित, आम सिंह परिहार,गजेंद्र सिंह डोडियाली, मंडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, पार्षद राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दवे, पूर्व छात्रा संघ अध्यक्षा सुष्मिता गर्ग, ब्लॉक महासचिव महेंद्र सोनगरा, युवा नेता सलीम मोयला, कैलाश परिहार, जुझाराम चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कृष्ण दत्त वीर गौशाला में पूजन

**सांचौर**, (निसं)। युवा नेता गौरव सारण के नेतृत्व में सांचौर जिले के कार्यकर्ताओं ने मिलकर कृष्ण दत्त वीर गौशाला बड़सम में गो पूजन किया।

कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा व गुड़ खिला कर मंगल कामना व्यक्त की। कार्यक्रम में जयकिशन काछेला, दाडमा राम विडार, लाडू राम गोदारा, राजूराम, अमलू राम,राजा राम मेघवाल, गंगा राम पुनिया, बाबूलाल डावल, कुलदीप देवासी, दिनेश चौधरी आदि थे।

## गौसेवा संकल्प दिवस मनाया

**रेवदर**, (निसं)। सचिन पायलट के जन्मदिन को कार्यकर्ताओं ने गौसेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया।

सरेसी गौशाला रेवदर में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी वरिष्ठ नेता ि गौशाला में चारा एवं गुड़ व पौधारोपण आदि कार्यक्रम कर जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, ओमप्रकाश पालीवाल, फिरोज सोरडा, मानाराम चौधरी , भेराराम चौधरी, पुनम चंद पुरोहित , कन्हैया लाल कोली, रावताराम चौधरी ,ओखाराम चौधरी, हुक्म सिंह वडवज, पिंटू मेघवाल, खंगार राम मेघवाल, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह देवडा, शैलेन्द्र सिंह भाटी, इम्तियाज खान, विनोद सिंह सोलंकी, दिनेश माली, ईश्वर धर्मानी, सनी अग्रवाल, जितेन्द्र जोशी, सरफराज खान, बाबूराम मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जैसलमेर संवाददाता के अनुसार :** सचिन पायलट का जन्मदिन ज़िला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूघदान झीबा ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा तुलसी गौ शाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर सचिन पायलट के दीर्घायु होने की कामना की।

ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, शौकत मेहर, रूपचंद सोनी, रेशमाराम भील, उप सरपंच सरादीन खान, अरसद मेहर, दिलीपसिंह सोलंकी, वीरेंद्रकुमार, नेमीचंद भार्गव, स्वरूप भार्गव आदि उपस्थित रहे।

# रामदेवरा में मेलार्थियों के लिए मीठे पानी की व्यवस्था

**पोकरण**, (निसं)। बाबा रामसापीर के भादवा शुक्ल पक्ष मेले के दोरान जिला कलैक्टर प्रताप सिंह के निर्देशों की पालना में मेलार्थियों के लिए मीठे पीने के पानी की जहां उचित व्यवस्था की गई है। वहीं मेले में प्रतिदिन पानी की सप्लाई की जाकर पेयजल सुविधा का पूरा लाभ दिया जा रहा है।

अधिशाषी अभियंता जेराराम एवं सहायक अभियंता पोकरण भूराराम ने बताया कि रामदेवरा मेले के दौरान कुल 7 नलकूप नियमित रुप से संचालित हो रहे है। इसमें से रामदेवरा में 4 तथा गोमट बीएसएफ में 3 नलकूप से जलापूर्ति की जा रही है ताकि मेलार्थियों को किसी भी प्रकार की पानी की समस्या नहीं रहे।

इसके अलावा प्रतिदिन नहर परियोजना से 1600 के.एल. पानी उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में नलकूपों एवं परियोजना से उपलब्ध पानी से चौबीस घण्टे के अंतराल में पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके साथ श्रृद्वालुओं के नहाने - धौने एवं पीने के पानी के लिए 18 पानी के टेंकर अलग-अलग स्थानों पर लगाए गये है। कतार में खड़े मेलार्थियों को पीने के पानी की सुविधा मिले इसके लिए भी टूंटीयाँ लगे पानी के टेंकर तैनात है। इसके साथ 4 टेंकर सार्वजनिक स्थानों एवं चल शोचालय की सफाई के लिए पानी उपलब्ध करवा रहे है। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में विभिन्न चिन्हित स्थानों पर 90 सार्वजनिक नल लगाए गये हैं। जिससे विभिन्न रास्तों से गुजरने वाले श्रृद्वालुओं के लिये पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। मेला प्रशासन के निर्देशन में सहायक अभियंता जलदाय के साथ ही उनकी पूरी टीम पेयजल आपूर्ति सुचारु बनी रहे, इसके लिये मुस्तेदी से कार्य रहे है। मेले में पेयजल की उचित व्यवस्था होने से मेलार्थियों को पीने के पानी के साथ ही नहाने-धौने की भी पूरी सुविधा मिल रही है एवं मेलार्थी पेयजल व्यवस्था के प्रति संतोषप्रद नजर आ रहे है। इस प्रकार वर्तमान में मेले के दौरान पेयजल की व्यवस्था बेहतर की गई है।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर भगवान गणपति के मंदिरो में भीड़ नजर आई। जालोर शहर में गणेश चतुर्थी को लेक शोभायात्रा निकाली गई।

जालोर शहर गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर भक्तो में उत्साह नजर आया। शहर के भैरूनाथ अखाडे से गणेश चतुर्थी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा भैरूनाथ अखाडे से भगवान गजानंद महाराज की पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा के सबसे आगे भगवा ध्वजा लहरा रहा था। वही उसके पीछे घोडे पर झांसी की रानी लक्ष्मी बाई व नौबत नगाडो के साथ भक्तजन गणपति बाप्पा मोरिया ... के जयकारे लगा रहे थे। बैड बाजों की भक्तिमय स्वर लहरियो व ढोल की थाप के बीच भक्त भक्ति में लीन नजर आ रहे थे। वही शोभायात्रा में भगवान गजानंद की प्रतिमा के समक्ष भक्तो ने अपनी आस्था प्रकट की। वही जयकारो से फिंजा भी गुंजयमान हो उठी। शोभायात्रा में रथ में विराजमान साधु संतो का भी भक्तो को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। गणपति बाप्पा मोरियासे जयकारो से पूरा माहौल धर्ममय नजर आया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती पुनः गतंव्य स्थान पर पहुंचकर विसर्जित हुई। जहां भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया।

जालोर शहर के समस्त भगवान श्रीगणेश मंदिरो को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। वही दिनभर भक्तो का रेला लगा रहा। भक्तों ने भी मंदिरो में पहुंचकर पूजा अर्चना कर सुख व खुशहाली की कामना की। जिलेभर में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह,उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया।

# श्रद्धालुओं ने शताब्दी महोत्सव मनाया



जालोर में स्वामी आत्मानंद सरस्वती के जन्म शताब्दी महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर में शनिवार को शिक्षा सारथी स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज का जन्म शताब्दी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

जन्म शताब्दी महोत्सव को लेकर दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सान्निध्य में स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरू मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। महोत्सव को लेकर शनिवार को सवेरे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर बाद गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा कॉलेज तिराहा होकर राजेन्द्र नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। यहां पर मंदिर में दर्शन व निर्माणाधीन छात्रावास का दंडी स्वामी व अन्य संत महात्माओं और समाजबंधुओं ने अवलोकन किया। यहां से शोभायात्रा अस्पताल चौराहा पहुंची। जहां पर गेर नृतकों, कच्छी घोडी व घोडों का नृत्य हुआ। यहां से शोभायात्रा हरिदेव जोशी सर्कल होते हुए वन वे रोड, कलक्ट्रेट रोड, आहोर चौराहा होते हुए गुरु मंदिर पहुंची। गुरु मंदिर में महाआरती हुई। गुरु मंदिर में आकर्षक रोशनी के बीच श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में शीश नवाकर खुशहाली की कामना की। महाआरती के बाद महाप्रसादी हुई। कार्यक्रम में जिले समेत आसपास के जिले के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## चूड़ी गोदाम में आग लगी

**जोधपुर**, (कास)। भीतरी क्षेत्र स्थित लखारा बाजार में शनिवार की तडक़े एक चूड़ी गोदाम में भीषण आग लग गई। नगर निगम की दस से ज्यादा दमकलों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

आग की तीव्रता इस बात से लगाई जा सकती है वहां पर पूरा धुंआ और लपटें देखी गई। तंग गलियों से होकर निकली दमकलों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग से गोदाम की बिल्डिंग को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचा है। आग लगने का कारण सामने नहीं आया है।

दमकल सूत्रों के अनुसार शहर के लखारा बाजार में शनिवार की तडक़े चार बजे एक चूड़ी के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी।

गोदाम में आग की लपटों को उठता देख लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी थी।

# निजी बस पलटने से एक जने की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। पीपाड़ से ओसियां जा रही एक निजी बस आज भोपालगढ़ क्षेत्र के जोधपुर-कुचेरा स्टेट हाइवे पर स्थित सेवकी गांव के पास पलट गई। इस हादसे में ओसियां क्षेत्र के भीकमकोर गांव निवासी एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि करीब 15-20 यात्रियों के चोटें आई है।

इसमें से अधिकांश को भोपालगढ़ के राजकीय उपजिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि तीन जनों को जोधपुररेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर भोपालगढ़ थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इसके बाद क्रेन की मदद से बस को साइड में करवाया।

साथ ही घायलों को अस्पताल पहुंचाने आदि का काम किया।

# जालोर में कलैक्टर प्रदीप के. गवांडे ने कार्य संभाला



जालोर में सड़कों पर पड़े खड्डों में पौधारोपण करने की मांग को लेकर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे को अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में क्षतिग्रस्त सड़कों के चलते आये दिन दुर्घटना होने व आमजन की परेशानी के चलते अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे पदभार ग्रहण के बाद शनिवार को ज्ञापन सौपकर जालोर में प्रशासन की उदासीनता के चलते शहर में विभिन्न खड्डे होने से आये दिन हादसे होने पर शहर में पड़े खड्डो पर पौधारोपण करने की मांग की गई।

जालोर शहर जगह जगह क्षतिग्रस्त सड़के चलते आमजन परेशान हैं वही क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत को लेकर नगरपरिषद, पीडब्ल्यूडी व प्रशासन भी गंभीर नही है। गत शुक्रवार को केबीनेट मंत्री मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के घर जाने वाले मार्ग पर जगह जगह सड़क पर खड्डे होने से बारिश में पानी भर जाने से एक टेम्पो पलट गया था। जिसके बाद टैक्सी यूनियन ने काफी देर हंगामा किया। वही क्षतिग्रस्त सड़को व जगह जगह खड्डो होने पर रोष जताया। वही शनिवार को नवनियुक्त जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे के पदभार ग्रहण के बाद अधिवक्तओं ने ज्ञापन सौपकर शहर के हालात के बारे में जानकारी दी। ज्ञापन में बताया कि जालोर शहर की सभी रोड़ पर बड़े - बड़े खड्डे पड़े हुए है तथा बारिश का पानी भरा हुआ है। शहर के अलावा जालोर शहर में आने -जाने वाले रास्तों में भी बड़े - बड़े खडडे पिछे तीन माह से पड़े हुए है। शहर के विभिन्न रास्ते पर पड़े खड्डो की मरम्मत करवाने में नगरपरिषद व पीडब्ल्यूडी असमर्थ है। ऐसे में उनके द्वारा उन खड्डो को सही नही करने से आये दिन लोग इन खड्डों में गिर कर चोटिले हो रहे है। इसलिए शहर में सड़को पर पडे खड्डो में सरकार के पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण किया जाये। जिसके ना तो खड्डे खोदने की आवश्यकता है ना ही उन खड्डो की मरम्मत की आवश्यकता रहेगी। वही पौधारोपण के बाद पानी की उन पौधो को पानी पिलाने की समस्या भी नही रहेगी। खड्डो में बारिश का पानी पहले से पड़ा हुआ है। ज्ञापन में बताया कि जालोर शहर में सड़को पर पडे खड्डो में पौधारोपण किया जाये। जिससे क्षतिग्रस्त सड़को को भी मरम्मत की आवश्यकता नही पड़े। अधिवक्ताओं ने बताया कि शहर में क्षतिग्रस्त सड़को लेकर आमजन परेशान है। इस परेशानी से निजात दिलाने की मांग की गई।

इस दौरान चिंरजीलाल गहलोत, विक्रमसिंह राखी, युद्वपालसिंह, प्रवीण कुमार, नवीन कुमार गहलोत, फारूख कुरैशी, केसरसिंह राजपुरोहित, विक्रमसिंह, दौलत राज बराडा सहित अधिवक्ता व लोग मौजूद थे।

नवपदस्थापित कलैक्टर डॉ. प्रदीप. के. गवांडे उप निवेशन विभााग, बीकानेर के आयुक्त पद से स्थानान्तरित होकर आए हैं। गवांडे प्रबन्ध निदेशक राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड एवं निदेशक पैट्रोलियम उदयपुर, उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग जयपुर के निदेशक, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आर.एस.एल.डी.सी.) राजस्थान जयपुर के प्रबन्ध निदेशक, जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चूरू, अतिरिक्त मिशन निदेशक नेशनल हैल्थ मिशन एवं निदेशक (आई.ई.सी.) एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स एजेंसी जयपुर, राजस्थान चिकित्सा सेवाएँ निगम लिमिटेड जयपुर के प्रबन्ध निदेशक, नगर निगम बीकानेर के आयुक्त सहित विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला कलक्टर प्रदीप के. गवांडे ने कहा कि जालोर जिला सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रूप से वैभवशाली रहा है। जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले साथ ही शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, बिजली एवं सड़क सहित मूलभूत आवश्यकता से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रेनाइट सिटी के नाम से मशहूर जालोर जिले में पर्यटन एवं उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता के साथ जिले को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को शीघ्र ही सहायता उपलब्ध कराएं : गजेंद्र शेखावत




केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पंचायत समिति सांकड़ा के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर/पोकरण.** (नि.सं.)। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने पोकरण एवं जैसलमेर क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कर शीघ्र ही पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि फलसूण्ड एवं फूलासर क्षेत्र में जहां भी वर्षाती पानी का भराव है, वहां सिंचाई अभियन्ताओं का सहयोग लेकर शीघ्र ही पानी निकासी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि अतिवृष्टि से प्रभावित कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित करें।

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को पंचायत समिति सांकड़ा के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक के दौरान यह निर्देश दिये।

बैठक में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलैक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, पंचायत समिति सांकड़ा के प्रधान भगवतसिंह तंवर, नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विष्नोई, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मनीराम बागड़िया, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, शैतानसिंह राठौड़, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश सारदा, पूर्व प्रधान श्रीमती सुनिता भाटी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक में अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के साथ ही जिन किसानों की फसलें नुकसान हुई है उसके बारे में अधिकारियों से फीडबेक लिया एवं जिला कलैक्टर को कहा कि वे अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों की शीघ्र ही गिरदावरी करावें। जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने बताया कि 15 अगस्त से गिरदावरी का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है एवं शीघ्र ही गिरदावरी करवा दी जायेगी। केन्द्रीय मंत्री ने अतिवृष्टि के कारण पशुधन का नुकसान हुआ है उसका भी सर्वे करवाकर सहायता दिलाने की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।

केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में जिले की पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के प्रति काफी नाराजगी जताई एवं अधीक्षण अभियन्ता जलदाय व विद्युत को सख्त निर्देश दिये कि वे अपनी कार्यषैली में सुधार लायें एवं लोगों को समय पर पीने का पानी व विद्युत सप्लाई उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होने पेयजल विभाग की मैन राईजिंग लाईन से चोरी कर पानी लेने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने पर जोर दिया एवं पुलिस अधीक्षक को कहा कि वे ऐसे लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लावें। उन्होने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये वे ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट समय पर करवा कर किसानों को राहत दें। उन्होने एफआरटी टीम को भी मुस्तैद करने के साथ ही उनकी गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिये।

केन्द्रीय मंत्री ने सहकारी विभाग की सहकारी समितियों में हो रही धांधली को भी गम्भीरता से लिया एवं सहकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करावें।

उन्होने राजस्व एवं उपनिवेशन की भूमि पर अवैध काश्त के मामलों में भी कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं अवैध काश्त की प्रवृति को समाप्त करने पर बल दिया।

केन्द्रीय मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे टीम भावना से कार्य कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कर पात्र लोगों को लाभान्वित करें एवं बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की समय पर क्रियान्विती कर जिले के चहुमुंखी विकास में अपनी अहम भागीदारी अदा करें।

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने भी अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को राहत दें वहीं पेयजल की लाईनों पर किये गये अवैध कनेक्शनों को एक विशेष अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही करने पर जोर दिया। बैठक में पूर्व विधायक शैतानसिंह राठौड़, सांगसिंह भाटी ने नहरी क्षेत्र में नहर के पास बनी वन पट्टी की भूमि के मामलों में उचित कार्रवाई का सुझाव दिया।

जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये गये केन्द्रीय मंत्री ने जिन विभागों को जो टास्क दिया है उसमें शीघ्र ही कार्यवाही करावें। उन्होने यह भी कहा कि उनके द्वारा जो निर्देश दिये गये है उसकी पालना करवाई जायेगी।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री को विश्वास दिलाया कि अवैध पानी के कनेक्शनों के मामलों में पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही करवाई जायेगी एवं अवैध पानी चोरी करने वालों को दण्डित भी करवाया जायेगा।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री शेखावत का जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हार्दिक स्वागत किया।

